>

Title : Regarding the violence situation in entire North- Eastern region in the wake of Citizenship (Amendment) Bill, 2019

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, we are all observing with great dismay and consternation that in the wake of Citizenship (Amendment) Bill, that has been passed in both the Houses of Parliament, the entire North-Eastern region, barring a few places, is in turmoil. Sir, violence has descended in the entire North-Eastern region. Already, the Army has been deployed, and internet services have been discontinued. We are witnessing that the Kashmir phenomena has been replicated in the North-Eastern region. ये कश्मीर के बदले आस्मीर बन गए हैं । मैं सदन का ध्यान आकर्षण कराना चाहता हूं कि इन्हीं लोगों के चलते आज तक कश्मीर की हालत सामान्य नहीं हुई है । नार्थ-ईस्ट रीजन भी ऐसा होता जा रहा है, दोनों एरिया की स्ट्रेटेजिक इम्पर्टिंस है, स्ट्रैटेजिक इम्पर्टिंस के मद्देनजर सरकार इस विषय पर गंभीर रूप से ध्यान दे, बीच में क्या हुआ । बांग्लादेश के फॉरेन मिनिस्टर कहते हैं कि हिन्दुस्तान में सरकार जो कह रही है, वह सही नहीं है । बांग्लादेश में लाखों-करोड़ों की तादाद में हिन्दू रहते हैं । पिछले साल बीस हजार दुर्गा पूजा पंडाल बने थे ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: बांग्लादेश और यूके भारत की संसद को कभी भी नहीं चला सकते । भारत की संसद के नियम-प्रक्रिया और संविधान भारत का ही चलेगा, किसी देश से गाइड नहीं होगा ।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि बांग्लादेश में पिछले साल दुर्गा पूजा में बीस हजार पंडाल बने थे । …(व्यवधान) शेख हसीना पंडाल-पंडाल घूमी थी, मंदिर-मंदिर घूमी थीं । …(व्यवधान) हम नहीं चाहते हैं कि

बांग्लादेश के साथ हमारा संबंध खराब हो, क्योंकि इस मौके का फायदा उठाने के लिए चीन और पाकिस्तान बैठे है, मैं सरकार को सचेत करना चाहता हूं ।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Impact on the international relations! Sir, what is he talking? …(*Interruptions*) The Congress is instigating violence in the North-East …(*Interruptions*)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): अध्यक्ष महोदय, यह गलत बात बोल रहे हैं ।

SHRI PRALHAD JOSHI: You are instigating violence in the North-East …(*Interruptions*) कल गृह मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से कहा है, आज बांग्लादेश में सरकार ठीक है, उत्पीड़न कम हुआ है ।

श्री अधीर रंजन चौधरी : अध्यक्ष महोदय, हालात ऐसे हो गये हैं, असम के बीजेपी के एमपी को घुसपैठ करके जाना पड़ेगा, किसी को जाने की इजाजत नहीं है । सारा नार्थ ईस्ट जल रहा है ।

SHRI PRALHAD JOSHI : Sir, they are creating violence in the North-East area and Assam …(*Interruptions*) I condemn their attitude …(*Interruptions*)

डॉ. निशिकांत दुबे : अध्यक्ष महोदय, बांग्लादेश जब देश बना, उस समय वह इस्लामिक कंट्री नहीं था, वह सेक्युलर कंट्री था और रातों-रात एक इस्लामिक कंट्री हो गया, लेकिन यहां से कोई मुसलमान नहीं गया । …(व्यवधान) कांग्रेस का इतिहास रहा है, नेपाल का नागरिक एम.के.सुब्बा कांग्रेस का मेंबर ऑफ पार्लियामेंट रहा, कांग्रेस ने केवल घुसपैठ बढ़ाई है । उसने बांग्लादेश से लेकर बाहर के लोगों को नार्थ ईस्ट में बढ़ाने का काम किया है, …(व्यवधान) आज पूरा का पूरा नार्थ ईस्ट क्रिश्चियन हो गया है । 1986 का जब पोप का दौरा हुआ तो राजीव गांधी और सोनिया गांधी के कारण हुआ, वहां क्रिश्चियनिटी बढ़ गई है, …

(व्यवधान) इसी कारण से वह भड़का रहे हैं । चर्च उसमें सहयोग कर रहा है, उसको बंग्लादेश सहयोग कर रहा है, उसको इस्लाम सहयोग कर रहा है ।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, in protest, we are walking out …(*Interruptions*)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): We are also walking out …(*Interruptions*)

प्रो. सौगत राय (दमदम): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या उठाने का मौका दिया । मैंने एजर्नमेंट मोशन दिया था, उत्तर-पूर्वी राज्यों में जो हालत है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: यह विषय हो गया है ।

…(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : माननीय अध्यक्ष जी, मुझे बोलने दीजिए । …(व्यवधान) असम और त्रिपुरा जल रहा है । …(व्यवधान) असम में दस डिस्ट्रिक्ट्स में कर्फ्यू है । …(व्यवधान) त्रिपुरा में आर्मी डिप्लाएड है ।…(व्यवधान) सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल से ये चीज हुई है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि ।

…(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : आप गृह मंत्री जी से कहिए कि हाउस में आकर बयान दें । …(व्यवधान) असम जल रहा है ।…(व्यवधान) जापान के प्राइम मिनिस्टर गुवाहाटी कैसे जाएंगे ।…(व्यवधान) सिटिजन अमेंडमेंट बिल, 2019 का यह रिएक्शन हुआ है, जो बहुत ही खराब है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि ।

…(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : हम बंगाल के लोग हैं, हम चिंतित हैं ।…(व्यवधान) वहां जो हालत है, हम इस पर होम मिनिस्टर की टिप्पणी चाहते हैं, उनका कमेंट चाहते हैं ।…(व्यवधान) हम प्रोटेस्ट करते हैं ।…(व्यवधान)

12.23 hrs

(At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Shri T.R. Baalu and some other

hon. Members left the House.)

…(*Interruptions*)